झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग,

कालीनगर, चायबगान, नामकोम, राँची–834010.

e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com

विज्ञापन संख्या–15/2023

झारखण्ड इण्टरमीडिएट स्तर (कम्प्यूटर ज्ञान एवं कम्प्यूटर में हिन्दी टंकण अहर्त्ता धारक पद हेतु) संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 (नियमित भर्त्ती)

<u>दिनांक –06.10.2023</u>

झारखण्ड सरकार के विभिन्न विभागों के अन्तर्गत निम्नवर्गीय लिपिक/स्टेनोग्राफर की रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति के लिए भारत के नागरिकों से विहित प्रपत्र में ''झारखण्ड इण्टरमीडिएट स्तर (कम्प्यूटर ज्ञान एवं कम्प्यूटर में हिन्दी टंकण अहर्त्ता धारक पद हेतु) संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023'' (नियमित भर्त्ती) के लिये ऑनलाईन (Online) आवेदन दिनांक–20.10.2023 से दिनांक–19.11.2023 की मध्य रात्रि तक आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन संबंधी विस्तृत विवरणिका आयोग के वेबसाईट–www.jssc.nic.in पर उपलब्ध है।

अभ्यर्थी विवरणिका में अंकित अर्हतानुसार एवं शैक्षणिक योग्यता तथा निर्धारित आयु सीमा के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन दे सकते हैं। आवेदन पत्र आयोग के वेबसाईट–www.jssc.nic.in पर लॉगईन करके समर्पित किया जा सकता है।

दिनांक–22.11.2023 की मध्य रात्रि तक परीक्षा शुल्क भुगतान तथा फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर आवेदन पत्र का प्रिंटआउट लेने के लिए दिनांक–25.11.2023 की मध्य रात्रि तक लिंक उपलब्ध रहेगा। दिनांक–27.11.2023 से दिनांक–29.11.2023 के मध्य रात्रि तक ऑनलाईन आवेदन पत्र में अभ्यर्थी का नाम, जन्म तिथि, ई–मेल आई॰डी॰ एवं मोबाईल संख्या को छोड़कर किसी भी अशुद्ध प्रविष्टि को संशोधित करने के लिए पुनः लिंक उपलब्ध करायी जायेगी।

रिक्तियों की संख्या एवं अन्य सूचना तत्सम्बन्धी विवरणिका में अंकित है।

ह॰/–

परीक्षा नियंत्रक।